दिन– गुरूवार | दिनांक– 28 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्र में आज जारी की जाएगी अधिसूचना।

02. गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। एनडीए उम्मीवदार जीतनराम मांझी, विवेक ठाकुर और अरूण भारती करेंगे नामांकन दाखिल।

03. लोकसभा के सभी सात चरणों के चुनाव के लिए राज्य में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा।

04. और, यूजीसी ने कहा – पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के परिणामों का उपयोग किया जाएगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चरण में बिहार की पाँच समेत बारह राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की नवासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। राज्य की पांच सामान्य लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। इन क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————————

बिहार में चार संसदीय सीटों– गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई के लिए नामांकन पत्र भरने का काम आज समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को होगी। निर्वाचन आयोग ने होली और बिहार स्थापना दिवस से जुड़े अवकाश के कारण नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी थी। आकाशवाणी से बातचीत में राज्य निर्वाचन अधिकारी

एच. आर. श्रीनिवासन ने बताया कि आज भी पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे।

---बाईट---

पहले चरण के प्रमुख प्रत्याशियों में, भाजपा के सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद से जबकि राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा नवादा से अपने नामांकन दाखिल कर चुके हैं। **आज** एनडीए की ओर से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी गया से जबकि भाजपा की ओर से विवेक ठाकुर नवादा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं जमुई संसदीय सीट से लोजपा रामविलास के अरुण भारती भी नामांकन पत्र भरेंगे। महागठबंधन में सीटों का आधिकारिक रूप से बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है। इसके चलते राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से पार्टी का आधिकारिक चिन्ह प्राप्त करने वाले प्रत्याशी भी तीन अन्य सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे।

---

चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जन शक्ति पार्टी-रामविलास ने अरुण भारती को जमुई संसदीय सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। श्री पासवान ने उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। चिराग पासवान दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस में जमुई लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इस बार उन्होंने हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जमुई में संवाददाताओं से बातचीत में चिराग पासवान ने दावा किया कि इस चुनाव में किशनगंज की सीट समेत सभी चालीस सीटें एनडीए गठबंधन जीतेगा।

---बाईट---

---

लोकसभा के सभी सात चरणों के चुनाव के लिए मतदान के दिन राज्य में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश सवैतनिक होगा। राज्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी घोषणा कर दी है। इस संबंध में गजट अधिसूचना भी प्रकाशित कर दी गयी है। इधर, चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के लिए नकद राशि साथ में लेकर चलने के लिए नए दिशा निर्देश जारी किये हैं। आयोग के अनुसार चुनाव प्रचार के दौरान स्टार

प्रचारक अपने साथ एक लाख रूपये नकद ले जा सकेंगे। हालांकि इसके लिए प्रचारकों को अपने दल के कोषाध्यक्ष से प्रमाण पत्र लेना होगा।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए गन्ना विकास विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल और लोक स्वास्थ्य तथा अभियंत्रण विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नर्मदेश्वर लाल को बालूघाट संसदीय क्षेत्र में और संजीव कुमार को रीवा संसदीय क्षेत्र में तैनात किया गया है।

———————————————————————————

लोकसभा और अगीआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भाकपा माले ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसके तहत दीपंकर भट्टाचार्य, इंद्रेश मैखुरी, धीरेन्द्र झा, मंजू प्रकाश और श्यामचंद्र चौधरी समेत चालीस लोगों को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए ग्यारह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पार्टी चुनाव प्रभारी और सह–प्रभारी नियुक्त किए हैं। बिहार सरकार मंत्री और पार्टी विधायक नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनाए गये हैं। वहीं, कैप्टन अभिमन्यु को असम का प्रभारी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

———————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– **पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन स्लैस इलेक्ट–दो हजार चौबीस** शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्पि बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– नेट के परिणामों का उपयोग किया जाएगा। आयोग के सचिव प्रोफेसर मनीष आर. जोशी ने बताया कि अकादमिक सत्र– दो हजार चौबीस–पच्चीस से सभी विश्वविद्यालयों में यह कार्यक्रम लागू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के मद्देनजर व़िद्यार्थियों के मदद के लिए यह फैसला किया गया है। श्री जोशी ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी जून दो हजार चौबीस के लिए नेट एप्लिकेशन प्रक्रिया को अगले सप्ताह तक शुरू कर देगी।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सत्र दो हजार चौबीस–छब्बीस में डीएलएड में नामांकन के लिए होने वाली कम्प्यूटर आधारित परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा तीस और इकतीस मार्च को आयोजित होने वाली थी। समिति ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि एक से अट्ठाईस अप्रैल तक होने वाली परीक्षा पूर्व निर्धारित समय पर होगी। गौरतलब है कि  इस बार डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए छह लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा– दो हजार चौबीस और कंपार्टमेंटल परीक्षा– दो हजार चौबीस के आवेदन की तिथि घोषित कर दी है। विद्यार्थी आज से चार अप्रैल तक अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से समिति की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन आवदेन कर सकते हैं।

————————————————————————————

प्रदेश में विद्यालयों में प्रवेश के लिए एक अप्रैल से तीस जून तक प्रवेशोत्सव– विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिन बच्चों का नामांकन नहीं हुआ है या जिन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी है उन बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराया जाएगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के लिए चलाये जाने वाले इस अभियान के तहत प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चार दिन के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में तापमान में औसतन दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———मौसम———

इधर, पिछले कुछ दिनों में अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का असर बढ गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार तीस मार्च के आस–पास पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के दक्षिणी हिस्सों रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और गया जिले में एक या दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है।

————————————————————————————

मध्य प्रेदश के विदिशा में आयोजित पैंतालीसवीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। इधर, पूर्वी चंपारण जिले की खिलाड़ी केसर राज ने भारतीय तलवारबाजी संघ की ओर से आन्ध्र प्रदेश में आयोजित सब–जूनियर अंडर–फोर्टीन राष्टीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नवादा जिले के इक्कीस अनुदानित हाई स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का नाम पास के सरकारी स्कूलों में टैग कर दिया गया है।

————————————————————————————

सुपौल जिले में एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन की सीमा चौकी भीमनगर ने भारत– नेपाल सीमा पर अवैध एक लाख पचास हजार भारतीय रुपए के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार  किया है। मौके पर से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी है।

————————————————————————————

कैमूर जिले में सहकारिता विभाग ने भगवानपुर प्रखंड के जैतपुर कला और मोहनिया प्रखंड के कटरा कला पैक्स अध्यक्ष तथा प्रबंधन के विरुद्ध गबन के आरोप में स्थानीय थानों में मुकदमा दर्ज कराया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के घूरना ओपी क्षेत्र में एक युवक को बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा के पिपरा गांव में हरहा नदी पर बने पुल पर ट्रेन से कटकर एक मगरमच्छ की मौत हो गई।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लोकसभा चुनाव में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी विवाद को अपनी सुर्खी बनाया है– अखबार लिखता है– बिहार में खींचतान जारी, महाराष्ट्र में मतभेद बढ़े। राजद ने बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया, पप्पू बोले– दुनिया छोड़ देंगे पूर्णिया नहीं।

**दैनिक जागरण** लिखता है– तेज गर्मी को देखकर तीन घंटे बढ़ सकता है मतदान का समय। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – जे. पी. विशविद्यालय में खुलेगा हिन्दू अध्ययन और आध्यात्मिक विज्ञान केंद्र।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है– एलएनएमयू में बीस करोड़ की गड़बड़ी, शिक्षा विभाग नहीं दे रहा जांच की अनुमति।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– गतिरोध दूर। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित आज और कल की बैठक में भाग लेंगे सभी कुलपति और पदाधिकारी।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– जेल से नहीं चलेगी दिल्ली सरकार। हाईकोर्ट ने अरविन्द केजरीवाल की रिहाई का आदेश देने से किया इंकार।

**आज अखबार** की सुर्खी है– ट्रेनिंग में योगदान नहीं करने वाले शिक्षकों पर गाज। एक सप्ताह का वेतन काटने का एससीईआरटी का निर्देश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्र में आज जारी की जाएगी अधिसूचना।

02. गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। एनडीए उम्मीवदार जीतनराम मांझी, विवेक ठाकुर और अरूण भारती करेंगे नामांकन दाखिल।

03. लोकसभा के सभी सात चरणों के चुनाव के लिए राज्य में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा।

04. और, यूजीसी ने कहा – पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के परिणामों का उपयोग किया जाएगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।